प्रकाशनार्थ

2 दिसम्बर , 2024 गोरखपुर

उ0प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना, दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के कार्यालय में गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति प्रो0 पूनम टंडन जी ने बताया कि रक्तदान करके हम केवल दुसरों का ही जीवन नही बचाते, बल्कि इससे रक्तदान का वातावरण निर्मित होता है। इस तरह स्वयं को कभी रक्त की आवश्यकता पड़ने पर भी आसानी से रक्त की उपलब्धता हो सकेगी । इससे रक्तदाता के जीवन की सुरक्षा भी निहित है।

डॉ0 सत्यपाल सिंह रक्तदान के बारे में बताते हुए कहा कि रक्त का दान आपके लिए कुछ मिनट का मतलब है लेकिन किसी और के लिए यह जीवनकाल है, यदि ईश्वर ने आपको योग्य बनाया है कि आप दुसरो की मदद् कर सकते है तो जरूर करें। क्योंकि वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है।

रक्तदान के बारे में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ0 अवधेश अग्रवाल ने यह बताया की एक युनिट ब्लड से तीन जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होनें शिविर में जागरूकता के लिए उपस्थित रक्तदाताओं से कहा की रक्तदान करने से स्वयं का शरीर भी स्वस्थ रहता है और कई गम्भीर बीमारीयों से छुटकारा मिलता है। ऐसे में समय-समय पर रक्तदान अवश्य ही करते रहना चाहिए

इस रक्तदान शिविर में अलेख, अमन प्रजापति, रिंका विश्वकर्मा, बलेन्द्र यादव, अजय प्रजापति, संजीत वर्मा के साथ लगभग 35 लोगों रक्तदान किया।

इस रक्तदान सफल बनाने में ब्लड बैंक अधिकारी डॉ0 ममता जायसवाल डाक्टर राकेश टेक्निशियन सतीश, संतोषी शर्मा, रामकृष्णा, रामरक्षा एवं कर्मचारीयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।